राजस्थान आईटी क्रिकेट टूर्नामेंट-2022

चर्चा में क्यों?

11 दिसंबर, 2022 को राजस्थान आईटी क्रिकेट टूर्नामेंट के तृतीय संस्करण का फाइनल मैच जयपुर के स्थानीय भवानी निकेतन ग्राउंड में आयोजित हुआ, जिसमें आईटी डेविल्स (यशपाल लॉयंस) ने जोधपुर रॉयल्स के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन कर जीत हासिल की।

प्रमुख बिंदु

- विजेता टीम को सूचना प्रोद्योगिकी एवं संचार विभाग के संयुक्त सचिव एवं तकनीकी निदेशक सुनील छाबरा द्वारा आईटी कप से सम्मानित किया गया।
- क्रिकेट लीग के मुख्य आयोजक रितेश कुमार शर्मा ने बताया कि लीग का उद्घाटन 3 दिसंबर को सूचना प्रोद्योगिकी एवं संचार विभाग के आयुक्त आशीष गुप्ता द्वारा किया गया था। प्रतियोगिता में विभिन्न ज़िलों की 26 टीमों ने भाग लिया, जिसके अंतर्गत 400 खिलाड़ियों द्वारा अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया गया।
- फाइनल मैच में आईटी डेविल्स के कप्तान देवर्षि शर्मा को उनके शानदार प्रदर्शन के लिये मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajasthan-it-cricket-tournament-2022